हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, गुरुवार 23 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 40.2 डिग्री
न्यूनतम 21.6 डिग्री

बागबाहरा में 78 लाख के विकास कार्यों का किया ... 12

भाजपा महिला मोर्चा का महासम्मेलनः नारी शक्ति... 12




छ.ग.-प्री.बी.एड. प्रवेश परीक्षा 2026
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन अंतिम तिथि
24/04/2026
(संध्या 5 बजे तक)
बी.एम. कॉलेज
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9300850065
9340311314, 9303893829

# संस्कार समर कैंप में दूरबीन से आकाशगंगा निहारने उमड़ी भीड़, 40 नवाचारी शिक्षक सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पिथौरा (ग्रामीण)

संस्कार शिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित 40 दिवसीय संस्कार समर कैंप में बच्चों को विज्ञान और ब्रह्मांड की अद्भुत दुनिया से परिचित कराने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा के सहयोग से प्रतिभा पब्लिक विद्यालय में आयोजित इस कैंप में एस्ट्रोनॉमी वर्कशॉप, विज्ञान मेला और चित्रकला प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र रहे।

कार्यक्रम का सबसे खास आकर्षण स्काई वॉचिंग रहा, जहां दूरबीन से आकाशगंगा को देखने के लिए बच्चों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। नगर सहित आसपास के स्कूल-कॉलेजों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान बच्चों ने टेलीस्कोप की सहायता से सूर्य, चंद्रमा, तारों और ग्रहों का अवलोकन किया और ब्रह्मांड के रहस्यों को करीब से समझा। एस्ट्रोनॉमी विशेषज्ञ अजय भोई एवं उनकी टीम के मार्गदर्शन में आयोजित इस वर्कशॉप ने बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## विज्ञान सभा का प्रतिभा पब्लिक विद्यालय में हुआ विशेष कार्यक्रम

### संस्कार मल्टी टैलेंट की सराहना

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे ने संस्कार मल्टी टैलेंट क्लास की सराहना करते हुए बच्चों को शिक्षा एवं करियर मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने कहा कि यह समर कैंप छात्रों और महिलाओं के चहुंमुखी विकास के लिए एक सराहनीय पहल है। जनपद अध्यक्ष उषा धृतलहरे, उपाध्यक्ष ब्रह्मा पटेल एवं डीएमसी रेखराज शर्मा सहित अन्य अतिथियों ने भी आयोजन की प्रशंसा करते हुए इसे जिले की अभिनव पहल बताया। उन्होंने कहा कि एक ही मंच पर विविध गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को प्रेरित करना अत्यंत सराहनीय कार्य है।



### 40 नवाचारी शिक्षकों को किया गया सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान चित्रकला प्रतियोगिता एवं विज्ञान मेले के साथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों के 40 नवाचारी शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सत्यनारायण अग्रवाल, सिद्धार्थ मिश्रा, संपा बोस, अंजलि बारमाल, नरेश पटेल, डॉ. यशवंत सोना, सचिन प्रधान, लक्ष्मण पटेल सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन साहित्यकार एवं पत्रकार संतोष गुप्ता ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन गौरव चंद्राकर द्वारा किया गया।

## खबर संक्षेप

### हाइवा से टकराकर ट्रक क्षतिग्रस्त

**महासमुंद।** बल्दीडीह सांकरा के पास एक हाईवा से टकराकर ट्रक क्षतिग्रस्त हो गया। घटना में ट्रक ड्राइवर को भी चोट आई। पुलिस ने बताया कि ट्रक क्रमांक सीजी 04 क्यूडी 4225 का ड्रायवर संजय अग्रवाल पिता विमल अग्रवाल 20 अप्रैल को कोयला लोडकर रायगढ से रायपुर जाने के लिए निकला था। 21 अप्रैल को रात 02:30 बजे एनएच 53 रोड में ग्राम बल्दीडीह सांकरा के पास हाईवा क्रमांक सीजी 04 एनयू 2465 के चालक ने अपने वाहन को एनएच 53 रोड में बिना संकेतिक चिन्ह के खड़ा कर दिया था, जिसके पीछे से ट्रक टकरा गया। घटना ट्रक के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है और ड्राइवर के पैर में चोट आई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 125(ए), 285 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### मवेशियों का क्रूरतापूर्वक परिवहन, दो पर कार्रवाई

**महासमुंद।** मवेशियों का क्रूरतापूर्वक परिवहन कर रहे लोगों पर बागबाहरा पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति कुछ मवेशियों को ओडिशा कत्लखाना ले जाने हेतु क्रूरतापूर्वक बिना चारा पानी व्यवस्था किए सुखरीडबरी की ओर से आ रहे हैं। ग्राम सुखरीडबरी के पास दो व्यक्ति भैसों को हांकते हुए आ रहे थे। जिन्होंने पूछताछ में अपना नाम लक्ष्मीलाल मनहरे पिता सुकलाल मनहरे (60 साल) अनवरपुर थाना बागबाहरा जिला महासमुंद एवं मोहन निषाद पिता सोनसाय निषाद (45 साल) कोमा थाना खल्लारी का निवासी होना बताए, उनके कब्जे से पांच नग देशी भैंस कीमत 75 हजार रुपए को बरामद किया गया। आरोपियों के विरूद्ध छ.ग. कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 6, 10 पशु क्रूरता निवारण अधिनियम धारा 1907 की धारा 11 एवं बीएनएस की धारा 112 के तहत कार्रवाई की गई।



### महुआ शराब बरामद एक व्यक्ति पर कार्रवाई

**महासमुंद।** सरायपाली पुलिस ने बैतारी चौक के पास एक व्यक्ति के कब्जे से महुआ शराब बरामद किया। पुलिस ने आरोपी गजपति गार्डिया पिता नारद गार्डिया (70 साल) निवासी ग्राम भोथलडीह थाना सरायपाली जिला महासमुंद के कब्जे से 10 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब जब्त कर आरोपी के विरूद्ध 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

## क्राइम: कोतवाली और सिंघोड़ा थाना ने की अलग-अलग कार्रवाई

# गांजा तस्करी के दो मामलों में चार तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

कोतवाली थान और सिंघोड़ा थाना द्वारा

- आरोपियों के विरूद्ध कोतवाली थाने में 20(बी) नारकोटिक एक्ट के तहत की गई कार्रवाई

की गई कार्रवाई में दो अलग-अलग मामलों गांजा के 4 तस्कर गिरफ्तार किए गए है। बता दें कि एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स एवं थाना महासमुंद, सिंघोड़ा पुलिस ने गांजा तस्करी के मामलों में गिरफ्तार किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी, परिवहन तथा बिक्री एवं इंड टू इंड इन्वेस्टिगेशन, फाइनेंशियल इनवेस्टिगेशन, पर प्रभावी एवं विधिवत कार्रवाई करने हेतु निर्देश प्राप्त हुआ है। जिसके परिपालन में जिले में पुलिस के द्वारा लगातार चेकिंग कार्रवाई जा रही है।



### सिघोड़ा पुलिस ने बाइक सवारों से बरामद किया गांजा

गांजा के अवैध परिवहन के दूसरे मामले में सिंघोड़ा पुलिस ने 21 अप्रैल को बाइक सवारों पर कार्रवाई की। आरोपियों के कब्जे से पांच किलो गांजा बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि एक हीरो स्प्लेंडर बाइक क्रमांक एमएच 49 बीए 2761 में ओडिशा से छत्तीसगढ़ की ओर गांजा परिवहन का किया जा रहा है। बाइक सवारों को ग्राम रेहटीखोल पहुंचकर रोका गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम राहुल प्रहलाद कन्नौजे पिता प्रहलाद कन्नौजे (24 साल) वार्ड नंबर 01 हुडकेश्वर रोड विठ्ठल नगर, अयोध्या नगर थाना हुडकेश्वर जिला नागपुर (महाराष्ट्र), जय देवराव पराते पिता देवराव पराते (18 साल 09 माह) वार्ड नंबर 01 हुडकेश्वर रोड विठ्ठल नगर, अयोध्या नगर थाना हुडकेश्वर जिला नागपुर (महाराष्ट्र) बताया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से पांच किलोग्राम मादक पदार्थ नमीयुक्त गांजा कीमत 250000 रुपए को बरामद किया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 20(बी)(ii)(बी) नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

मंगलवार को पुलिस को सूचना मिली कि 02 व्यक्ति एक सफेद रंग की होंडा सिटी कार क्र. एमएच 31 डीसी 2140 में ओडिशा से महासमुंद की ओर अवैध गांजा लेकर जा रहे हैं। इसके बाद उक्त वाहन के पहुंचाने पर पुलिस ने उसे रोका और पूछताछ की। जिस पर संदेही ने अपना नाम श्यामल बसंत वासनिक पिता बसंत वासनिक (33 साल), निवासी जेएन रोड आनंद बुद्ध बिहार के पाया नया गोदाम कामटी, कांती नगर नागपुर, थाना कामटी जिला नागपुर महाराष्ट्र, दानिस अंसारी पिता मोह.जाबिर अंसारी (30 साल) निवासी यशोधरा नगर शारदा चौक आरपीएफ ऑफिस के सामने थाना यशोधरा, जिला नागपुर महाराष्ट्र का रहने वाला बताए। 43.120 किग्रा मादक पदार्थ कीमत 21,56000 रुपए को बरामद किया गया। आरोपियों के विरूद्ध कोतवाली थाने में 20(बी) नारकोटिक एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई।

## चांदी की चेन लूटने वाले आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

चांदी की चेन लूटने के आरोप में दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले में आरोपियों के विरूद्ध बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया प्रार्थी राकेश सहिस (25 वर्ष), निवासी वार्ड नं. 1 सरायपाली ने थाना बसना में आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 20 अप्रैल को वह अपने भाई की स्कूटी सीजी 06 एचसी 4934 से भंवरपुर में एक शादी में शामिल होने के बाद गढ़पटनी जा रहा था। गढ़पटनी रोड पर शराब भट्टी के पास दो अज्ञात व्यक्तियों ने उसे रोक लिया। आरोपियों ने प्रार्थी से पैसों की मांग की और मना करने पर मारपीट कर उसे डराया-धमकाया। इसके बाद आरोपियों ने प्रार्थी की जेब से 500 रुपये नगद, गले में पहनी चांदी की चेन और एक काले रंग का रेडमी पावर बैंक लूट कर मौके से फरार हो गए। घटना की रिपोर्ट प्राप्त होते ही थाना बसना में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध लूट का मामला पंजीबद्ध किया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना बसना पुलिस ने तत्काल टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई करते हुए मुखबिरों और साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पतासाजी की और घटना के महज 2 घंटे के भीतर ही दोनों आरोपियों को ट्रेस कर लिया गया। पुलिस ने त्वरित घेराबंदी कर आरोपी आकाश पीटर पिता चिनप्पा पीटर (33 साल) निवासी वार्ड नं. 11 बसना और मनीष सोनवानी पिता संतोष सोनवानी (19 साल) निवासी वार्ड नं. 6 बसना को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है और उनकी निशानदेही पर लूटी गई समस्त सामग्री चांदी की चेन, पावर बैंक, नकद रकम को बरामद किया गया।



### स्कूल नेशनल क्रिकेट के लिए दो खिलाड़ियों का चयन

**बागबाहरा।** शहर के दो खिलाड़ी आयुष द्विवेदी और अनमोल द्विवेदी का चयन स्कूल नेशनल क्रिकेट के लिए हुआ हैं। ये दोनों खिलाड़ी तमिलनाडु में 24 अप्रैल से 1 मई तक तक होने वाले राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता में शामिल होंगे। इनका चयन राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर हुआ है। बस्तर की टीम के विरुद्ध खेले गए मैच में बस्तर की टीम मात्र 25 रन पर आल आउट हो गई। बस्तर की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। रायपुर की टीम क्षेत्ररक्षण के लिए उतरी और गेंदबाजों के सामने बस्तर के बल्लेबाज विकेट में सम्हल ही नहीं पाए, जिसमें आयुष द्विवेदी ने 3 ओवर, बिना रन दिए 4 विकेट लिए, 25 रन का पीछा करने उतरी रायपुर की ओपनर जोड़ी अनमोल और हर्षित ने बिना विकेट गंवाए 3 ओवर में ही लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। दूसरा मैच दुर्ग के साथ खेला गया। जिसमें आयुष द्विवेदी ने 3 ओवर में 12 रन देकर 3 विकेट लिए और विपक्षी टीम 50 रन पर ऑल आउट हो गई, जिसमें अनमोल और आयुष की जोड़ी ने बिना विकेट गंवाए 50 रन के लक्ष्य को प्राप्त किया और इस तरह रायपुर संभाग ने दुर्ग को 10 विकेट से परास्त किया। फिर मेजबान टीम बिलासपुर के साथ आयुष का प्रदर्शन भी शानदार रहा और 3 ओवर में 13 रन देकर 2 विकेट लिए और बिलासपुर की टीम 128 रन बनाए जिस लक्ष्य का पीछा करते हुए रोमांचक मैच में अनमोल का प्रदर्शन अच्छा रहा। किंतु, रायपुर संभाग की हार हुई, आखिरी मैच सरगुजा के साथ जिसमें आयुष द्विवेदी का प्रदर्शन फिर लाजवाब रहा और उन्होंने 3 ओवर में बिना रन दिए 3 विकेट लिए। जिसमें रायपुर संभाग का कोई भी बल्लेबाज अनमोल को छोड़कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा नहीं सका। जिसमें रायपुर संभाग की हार हुई, लेकिन आयुष का प्रदर्शन लाजवाब रहा और 4 मैच में 12 ओवर पर 25 रन देकर 12 विकेट लिए, इस आधार अब आयुष द्विवेदी और अनमोल द्विवेदी दोनों भाई राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल होकर क्षेत्र को गौरवान्वित करेंगे।

# मांग का आधा खाद भंडारण प्रशासनिक विफलता का प्रमाण : द्वारिकाधीश

## शत-प्रतिशत सोसाइटियों में खाद उपलब्ध कराने के लिए कृषि मंत्री को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने प्रदेश में खाद की कमी को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार किसानों को जरूरत के समय खाद उपलब्ध कराने में विफल रही है। उन्होंने कृषि मंत्री को पत्र लिखकर सभी सोसाइटियों में शत-प्रतिशत खाद की उपलब्धता सुनिश्चित कराने की मांग की है, ताकि किसानों को व्यापारियों द्वारा अधिक कीमत वसूले जाने से बचाया जा सके। विधायक यादव ने कहा कि प्रदेश में खाद संकट की स्थिति बेहद चिंताजनक है। खरीफ सीजन किसानों के लिए सबसे महत्वपूर्ण होता है, लेकिन सरकार की लापरवाही के कारण समय पर पर्याप्त उर्वरक भंडारण नहीं हो पा रहा है। उन्होंने बताया कि मांग 15.55 लाख मीट्रिक टन है, जबकि अब तक लगभग आधा ही भंडारण हो सका है, जो प्रशासनिक विफलता का स्पष्ट प्रमाण है। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया की परिस्थितियों का हवाला देकर सरकार अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकती। समय रहते वैकल्पिक व्यवस्था करना और पर्याप्त स्टॉक सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है, जिसमें वह असफल रही है। विधायक यादव ने सरकार से मांग की है कि किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जाए, कालाबाजारी और जमाखोरी पर सख्त कार्रवाई हो, उर्वरक वितरण प्रणाली को पारदर्शी और प्रभावी बनाया जाए तथा किसानों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए मुआवजा दिया जाए। बॉक्स सोसाइटियों में शत-प्रतिशत खाद उपलब्ध कराई जाए। विधायक यादव ने कहा कि पिछले वर्ष 60 प्रतिशत खाद व्यापारियों और 40 प्रतिशत सोसाइटियों को देने की व्यवस्था के कारण किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। किसानों को एक से डेढ़ हजार रुपये तक अतिरिक्त राशि चुकानी पड़ी थी। इसी कारण उन्होंने कृषि मंत्री को पत्र लिखकर इस वर्ष शत-प्रतिशत खाद केवल सोसाइटियों के माध्यम से उपलब्ध कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भी खाद संकट की स्थिति को देखते हुए आशंका है कि व्यापारियों को 60 प्रतिशत खाद दिए जाने पर किसानों को प्रति बोरी 2 से 3 हजार रुपए तक अधिक भुगतान करना पड़ सकता है। इसलिए किसानों के हित में इस वर्ष शत-प्रतिशत खाद केवल सोसाइटियों के माध्यम से उपलब्ध कराई जानी चाहिए।



### किसानों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं

द्वारिकाधीश यादव विधायक यादव ने चेतावनी दी है कि यदि खाद भंडारण की स्थिति में शीघ्र सुधार नहीं किया गया, तो कांग्रेस पार्टी किसानों के हित में सड़क से सदन तक आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। उन्होंने कहा कि किसानों के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।







# बाइक चालक के खिलाफ कार्रवाई नहीं, जनचौपाल में लगाई गुहार

**महासमुंद।** बाइक चालक के खिलाफ कार्रवाई न होने से परेशान महिला ने कलेक्टर जनचौपाल में प्रशासन से गुहार लगाई है। चित्ररेखा सेन ने बताया कि वह राशन की जानकारी लेकर घर लौट रही थी। इसी दौरान आदर्श फैंसी स्टोर्स के पास बाइक क्रमांक सीजी 04 जे 4338 के चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि उनकी कमर, दोनों जांघ, पीठ और सिर में गंभीर चोटें आईं। हादसे के तुरंत बाद उन्हें शासकीय अस्पताल तुमगांव ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए महासमुंद के सोहम हॉस्पिटल रेफर किया गया। उपचार के पश्चात उन्हें पुनः तुमगांव स्थित माँ चंडी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां उनका लंबा इलाज चला। करीब डेढ़ महीने तक चले उपचार के बाद 20 मार्च 2026 को उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिली, लेकिन शारीरिक और मानसिक पीड़ा आज भी है। उन्होंने बताया कि डॉक्टरों के अनुसार, कमर में गहरी चोट, दोनों जांघ और पीठ पर गंभीर घाव तथा सिर में लगी चोटों से उबरने में लंबा समय लग सकता है। दुर्घटना से उनका सामान्य जीवन और कामकाज बुरी तरह प्रभावित हो गया है। उन्होंने बताया कि घटना के तुरंत बाद थाना तुमगांव थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने 10 फरवरी को मामला दर्ज किया, लेकिन प्रारंभिक रिपोर्ट में वाहन को अज्ञात बताया गया। बाद में मोटरसाइकिल की पहचान हो जाने के बावजूद अब तक वाहन की जब्ती या आरोपी के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इस पूरे घटनाक्रम ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं। चित्ररेखा सेन ने कलेक्टर से हस्तक्षेप की मांग करते हुए संबंधित वाहन की शीघ्र जब्ती और दोषी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। साथ ही उन्होंने इलाज और अन्य खर्चों की भरपाई के लिए उचित मुआवजा दिलाने की भी अपील की है।

**खबर संक्षेप**

## समाजसेवी सुनील और पादरी असीम का किया सम्मान



**रायपुर।** ईसाई समाज द्वारा सेंट पॉल्स कैथेड्रल में रविवार को पास्ट्रेट कोर्ट ने समाजसेवी सुनील शर्मा को स्मृतिचिन्ह देकर सम्मान किया गया। यह सम्मान उन्हें हर वर्ष क्रिसमस पर निकलने वाली सर्वधर्म सद्भावना रैली में सहयोग के लिए दिया गया। वे एंबुलेंस की व्यवस्था करते हैं, ताकि जरूरत पड़ने पर उसका उपयोग किया जा सके। इसी दौरान पादरी असीम प्रकाश विक्रम को भी सम्मानित किया गया। इसी प्रकार प्रतिवर्ष राजातालाब में खजूर रविवार (पाम संडे) के उपलक्ष्य में कौमी एकता के साथ जुलूस निकालने और सभी धर्मों में भाईचारे व एकता का संदेश देने के लिए सीमा डेविड और डिक्सन बैंजामिन का भी सम्मान किया गया। पास्ट्रेट कोर्ट ने चर्च कार्यालय के प्रभारी पीएसवी प्रसाद, स्टाफ राकेश गार्डिया, संदीप मसीह, गुलाब यादव, अमित एलियाजर, नवीता मसीह, सुजाता मसीह और कब्रिस्थान के केयर टेकर अतुल मसीह को भी उल्लेखनीय सेवाकार्य के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर पास्ट्रेट कोर्ट के अध्यक्ष जॉन राजेश पॉल, सचिव पर्सिस सामुएल, सदस्य अजय मसीह, चर्च सचिव रुचि धर्मराज, कोषाध्यक्ष किरण सिंग, पास्ट्रेट कमेटी मेंबर प्रवीण जेम्स समेत धर्मगुरु और कलीसिया के सदस्य शामिल हुए।

## करंट से मौत, होटल संचालक पर केस दर्ज

**रायपुर।** टिकरापारा पुलिस ने एक होटल संचालक के खिलाफ धारा 106,1 के तहत केस दर्ज किया है। बोरियाखुर्द स्थित कमल होटल में 2 नवंबर 2025 को शिवकुमार गोस्वामी की काम करने के दौरान बिजली करंट लगने से मौत हो गई थी। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया था। जांच के बाद अब इस मामले में होटल संचालक पर केस दर्ज किया है।

## कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत, केस दर्ज

**रायपुर।** एक्सीडेंट में युवक की मौत मामले में टिकरापारा पुलिस ने कार चालक के विरुद्ध केस दर्ज किया है। घटना 19 अप्रैल की रात साढ़े दस बजे फायर ब्रिग्रेड गेट के सामने की है। अज्ञात कार चालक ने अरशद नामक युवक को बाइक से जाते समय टक्कर मार दी थी, जिसकी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस इस मामले में प्रार्थी शेख सईद की रिपोर्ट पर अज्ञात कार चालक के विरुद्ध केस दर्ज कर उसकी तलाश कर रही है।

## शराब के नशे में युवक से मारपीट, 3 पर केस

**रायपुर।** फोकटपारा देवेंद्र नगर में एक शादी समारोह के दौरान शराब के नशे में धुत तीन युवकों ने बिना कारण से भीम सोनी निवासी शास्त्रीनगर फोकटपारा के साथ मारपीट की, जिससे उसे चोटें आई हैं। पुलिस ने इस मामले में आरोपी दुर्गेश निषाद एवं उसके अन्य दो साथियों के विरुद्ध धारा बीएनएसः 296, 115-2, 351-2, 3-5 के तहत अपराध दर्ज किया है।

# गर्मी का असर... ट्रेनों के पहिए हो रहे अत्यधिक गर्म, मार्च में मिले दो मामले

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

तापमान में लगातार हो रही बढ़ोतरी और भीषण गर्मी के कारण रेलवे के लिए ट्रेनों का सुरक्षित परिचालन चुनौतीपूर्ण कार्य बन गया है। तेज धूप और उच्च तापमान के कारण न केवल ट्रेनों के पहिए अत्यधिक गर्म हो रहे हैं, बल्कि उनकी गोलाई में भी तकनीकी खराबी (फ्लैट टायर) देखने को मिल रही है। मार्च से ही मालगाड़ियों के साथ-साथ यात्री ट्रेनों में भी यह समस्या सामने आ रही है। दरअसल, गर्मियों में पटरियां तेज धूप से अत्यधिक गर्म हो जाती हैं और जब इन पर से ट्रेनें तेज रफ्तार में गुजरती हैं, तो घर्षण के कारण पहिए और एक्सल भीषण रूप से गर्म हो जाते हैं। यदि सही समय पर इस तकनीकी खामी का पता न चले, तो यह किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। इसे ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की विशेष निगरानी टीमें कार्य कर रही हैं, जो विभिन्न जगहों पर लगातार पटरियों और ट्रेनों की सघन जांच कर रही हैं।

**गर्मी में ट्रेनों का सुरक्षित परिचालन बना चुनौती, 'हॉट एक्सल' और 'फ्लैट टायर' की बढ़ रही समस्या**

### सही समय पर तकनीकी खामी का पता चल गया

हालिया मामलों पर गौर करें तो अकेले मार्च महीने में ही दो बार 'फ्लैट टायर' यानी पहिए की गोलाई खराब होने की तकनीकी समस्या सामने आई। इसके अलावा, दो मामले 'हॉट एक्सल' के मिले, जिनमें ट्रेनों के पहिए अत्यधिक गर्म हो गए थे। वहीं, दो अन्य मामलों में वैगन से धुआं निकलने की घटना भी दर्ज की गई। हालांकि, राहत की बात यह रही कि इन सभी मामलों में रेल संरक्षा के सजग प्रहरियों ,रेलवे कर्मचारियों की मुस्तैदी के चलते सही समय पर तकनीकी खामी का पता चल गया और मौके पर ही इसे ठीक कर लिया गया, जिससे किसी भी प्रकार के बड़े हादसे को टाल दिया गया। सजगता और त्वरित कार्रवाई से संभावित दुर्घटनाओं को टालने वाले इन सतर्क कर्मचारियों को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश द्वारा उनके इस उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित भी किया गया है।

### केस 01

बिलासपुर रेल मंडल के यातायात सहायक भानूप्रताप सिंह ने 7 मार्च को माल गाड़ी से सिग्नल एक्सचेंज के दौरान पाया कि गाड़ी में इंजन से 11वें वैगन से असामान्य आवाज आ रही है। इन्होने तुरंत स्टेशन मास्टर, चांपा को सूचित किया।

### केस 02

बिलासपुर रेल मंडल के यातायात सहायक बी. जगदीश राव ने 14 मार्च को माल गाड़ी के चौथे वैगन से असामान्य आवाज आ रही है। इन्होने तुरंत स्टेशन मास्टर को सूचित किया जिसके उपरांत निरीक्षण करने पर उक्त वैगन में फ्लैट टायर पाया गया।

### केस 03

बिलासपुर रेल मण्डल के वरिष्ठ सहायक लोको पायलट/ कोरबा पवन कुमार कर्ष ने 23 मार्च को माल गाड़ी में कार्य के दौरान एक दूसरी माल गाड़ी के साथ सिग्नल आदान-प्रदान करते समय देखा कि गाड़ी में इंजन से 15वें वैगन में हॉट एक्सल है।

### केस 04

*रायपुर रेल मंडल के ट्रैक मेंटेनर-III/ भाटापारा शेखूराम ने 12 मार्च को एक गाड़ी में "हॉट एक्सल" देखा। इसी तरह रायपुर रेल मंडल के टेकनीशियन-I / भाटापारा महेश कुमार श्रीवास ने 11 मार्च को भाटापारा स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-3 पर ओएचई मास्ट संख्या-764/30 के पास स्थित इलेक्ट्रिक फ्यूज बॉक्स में अचानक धुआं उठते देखा, जो देखते ही देखते आग में परिवर्तित हो गया।*

## भक्त कर्मा वार्ड, डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड के रहवासियों ने किया प्रदर्शन

# चंगोराभाठा, न्यू चंगोराभाठा सहित रहवासी इलाकों में पानी की किल्लत, हुंकार रैली निकाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मंगलवार को राजधानी के चंगोराभाठा और न्यू चंगोराभाठा क्षेत्र सहित आसपास के रहवासी इलाकों की महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गो ने पानी की समस्या को लेकर हुंकार रैली निकाली। रैली में भक्त कर्मा माता वार्ड और डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड के रहवासी शामिल हुए। सड़क पर उतरे लोगों का कहना है चंगोराभाठा के 32 लाख किलोलीटर की पानी टंकी का 50 फीसदी पानी रायपुरा भेजा जा रहा है, जबकि रायपुरा में पहले से 25 लाख किलोलीटर क्षमता की पानी टंकी मौजूद है। इससे भीषण गर्मी में वार्ड वासियों को पीने के पानी के लिए बड़ी परेशानी हो रही है। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं।

हुंकार रैली का नेतृत्व भक्त कर्मा माता वार्ड वार्ड पार्षद ममता-सोनू तिवारी ने किया। उन्होंने कहा कि पानी की समस्या को लेकर वार्डवासियों को हो रही परेशानी के संबंध में महापौर मीनल चौबे को अवगत कराया था। डेढ़ माह पूर्व उन्होंने स्थल पर पहुंचकर जोन के अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि भक्त कर्मा माता और डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड के हिस्से का पानी रायपुरा ना भेजा जाए इसके लिए चंगोराभाठा पानी टंकी से रायपुरा का कनेक्शन अलग करने हिदायत दी। पर महापौर के इस निर्देश पर निगम के अधिकारियों ने अब तक ध्यान नहीं दिया। इससे रोज पानी के लिए सुबह-शाम टैंकर की बाट जोहना पड़ रहा है। आखिर कब तक पानी की समस्या से जूझते रहेंगे। इसीलिए हुंकार रैली के माध्यम से निगम प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया है।

रैली, प्रदर्शन में शामिल डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड पार्षद दुर्गा यादराम साहू ने जल संकट की अनदेखी पर नाराजगी जताते हुए कहा कि एक तरफ जहां वार्ड में बोरवेल का भूजल स्तर गिरावट होने से बोरवेल सूखने लगे हैं, वहीं चंगोराभाठा में पानी टंकी होने के बाद भी वार्ड वाासियों को पीने के पानी के लिए टैंकर का इंतजार करना पड़ रहा है। चंगोरा पानी टंकी का पानी दूसरे जगह भेजने से तत्काल रोका जाए। रैली में हमें वादा नहीं पानी चाहिए के बैनर पोस्टर लेकर प्रभावित इलाके के रहवासियों ने जमकर प्रदर्शन किया।

विदित हो कि चंगोराभाठा क्षेत्र में पेयजल संकट को लेकर दो दिन पहले कांग्रेस पार्टी ने बड़ा प्रदर्शन किया था। इसके बाद भी पानी की समस्या दूर नहीं हुई।

**खास बातें**

- पार्षद ममता-सोनू तिवारी के नेतृत्व में रैली



### करन नगर चंगोराभाठा पहुंचे नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी, जनता से किया संवाद

चंगोरा भाठा सहित आसपास के इलाकों में पानी की किल्लत से जूझ रहे लोगों के बीच उनकी समस्या जानने नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी मंगलवार को करण नगर चंगोराभाटा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने जनता से सीधा संवाद किया। यही नहीं जोन 5 के जल विभाग के इंजीनियर को मौके पर बुलाकर समस्या से अवगत कराया तथा वैकल्पिक रूप से टैंकरों की व्यवस्था करने निर्देश दिए। स्थानीय निवासियों ने नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी को बताया कि पिछले एक माह से इस पूरे क्षेत्र में पीने के पानी की विकराल समस्या हो रही है महापौर विधायक को भी इस समस्या से अवगत कराया पर समस्या अब भी बनी हुई है। आकाश तिवारी ने आरोप लगाया कि ट्रिपल इंजन की सरकार जनता को पेयजल मुहैया कराने में विफल साबित हो रही है। यही वजह है स्थानीय पार्षद द्वारा पानी की समस्या को लेकर सड़क पर उतरना पड़ रहा है। इस मौके पर निशा शर्मा,नम यादव,प्रीति सारथी, सिद्धि ठाकुर,कुमारी देवांगन, वर्षा गुप्ता रेखा वैष्णव, रैना देवी शर्मा, संगीता गंगवार, प्रवीण अवधिया, विनोद सिंह ठाकुर, सुनील ध्रुव, विनोद चौहान, प्रतीक तिवारी, शिव यादव, वर्षा कुमारी सहित बड़ी संख्या में प्रभावित इलाके के रहवासी उपस्थित रहे।



# गांधीगिरी... प्रदेश के 6800 स्कूल भेजेंगे गुलाब, लिखेंगे 'प्रेम-पत्र'

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

एक मार्च से असहयोग आंदोलन कर रहे निजी स्कूलों ने अब गांधीगिरी की राह चुन ली है। प्रदेशभर में संचालित 6800 निजी स्कूलों ने तय किया है कि वे सभी जिलों और उनके संभागों में शासन के प्रतिनिधियों को गुलाब भेजेंगे और प्रेम-पत्र लिखेंगे। प्रेमपूर्वक लिखे गए इस पत्र में वे अपनी समस्याएं शासन प्रतिनिधियों को गिनाएंगे। गौरतलब है, प्रदेश के निजी स्कूल आरटीई के अंतर्गत अध्ययनरत गरीब छात्रों की फीस में वृद्धि की मांग कर रहे हैं। 2012 में आरटीई अधिनियम लागू होने पश्चात अब तक फीस की राशि में कोई वृद्धि नहीं की गई है। निजी विद्यालय 2016 से इसमें वृद्धि की मांग कर रहे हैं। इसके अलावा निजी स्कूल संघ ने स्कूल शिक्षा विभाग से शासकीय स्कूलों में प्रति छात्र खर्च होने वाली राशि की जानकारी भी सार्वजनिक करने की मांग की है ताकि इसके आधार पर निजी स्कूलों को मिलने वाली प्रतिपूर्ति राशि का निर्धारण हो सके।

### बंद कर चुके हैं स्कूल

इस कड़ी में प्रदेश के समस्त स्कूल 1 मार्च से असहयोग आंदोलन कर रहें है। 4 अप्रैल को छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन ने निर्णय लिया था कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा लाटरी के माध्यम से आबंटित वंचित वर्ग के विद्यार्थियों को शिक्षक के अधिकार कानून (आरटीई) तहत प्रवेश नहीं दिया जाएगा। 17 अप्रैल को स्कूल संचालकों एवं शिक्षकों ने विरोधस्वरूप काली पट्टी लगाकर कार्य किया था एवं 18 अप्रैल को स्कूलों ने बंद रखा था। असहयोग आंदोलन को आगे बढ़ाते हुए 21 अप्रैल को प्रदेश कार्यकारणी की बैठक में निर्णय लिया गया है कि 23 अप्रैल को प्रदेश के समस्त स्कूल संचालक अपने स्कूल के लेटर पैड पर स्कूल शिक्षा मंत्री और शासन के प्रतिनिधियों को अपनी मांगों को पूर्ण करने के लिए पत्र लिखेंगे। 24 अप्रैल को विभिन्न जिला संगठन के पदाधिकारी तथा समस्त स्कूल संचालक जनप्रतिनिधियों से मिलकर गुलाब भेंट करेंगे और अपनी मांग से उन्हें अवगत कराएंगे।

### अब जोड़ेंगे नई मांग

निजी स्कूल संघ के प्रदेशाध्यक्ष राजीव गुप्ता के अनुसार, अब वे नई मांग भी इसमें जोड़ेंगे। अब तक केवल आरटीई राशि बढ़ाने की ही मांग उनके द्वारा की जा रही थी, लेकिन अब वे पहली के साथ-साथ नर्सरी, पीपी-1 और पीपी-2 में भी बच्चों को प्रवेश देने की मांग करेंगे। शासन द्वारा आरटीई नियमों में वर्तमान सत्र से बदलाव किया गया है। नए नियमों के अनुसार, वर्तमान सत्र से केवल पहली कक्षा में ही निजी स्कूलों में छात्र दाखिला प्राप्त कर सकेंगे। प्री-प्रायमरी कक्षाओं में प्रवेश बंद कर दिया गया है।



# पॉवर कंपनी अनुसंधान के लिए एनआईटी रायपुर को देगी एक करोड़

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा कॉपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत नवीन पहल करते हुए रिसर्च एवं डेवलपमेंट के क्षेत्र में एक बड़ी राशि अनुग्रहित करने का फैसला किया गया। एनआईटी रायपुर द्वारा प्रस्तावित ग्रिड अनुसंधान केन्द्र के लिए सहायता राशि की मांग की गई थी। इसे कंपनी प्रबंधन ने सीएसआर फंड से इस कार्य के लिए स्वीकृति दी। पॉवर कंपनी के अध्यक्ष ट्रांसमिशन (आईएएस) सुबोध सिंह एवं डिस्ट्रीब्यूशन एवं जनरेशन कंपनी के अध्यक्ष (आईएएस) डॉ. रोहित यादव की अनुशंसा पर इस परियोजना के लिए प्रारंभिक राशि प्रदान की गई। प्रबंध निदेशक ट्रांसमिशन आरके शुक्ला द्वारा एनआईटी के डॉयरेक्टर एनवी रामनाराव को स्वीकृति एवं आवंटन पत्र प्रदान किया गया। इस कार्य के लिए ट्रांसमिशन कंपनी ने एक करोड़ रुपए सीएसआर मद से एनआईटी रायपुर को देने का फैसला किया।

श्री शुक्ला ने बताया कि सीएसपीटीसीएल द्वारा सामुदायिक विकास गतिविधियों में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं, परंतु यह पहला अवसर है कि आरएनडी (रिर्सच एवं डवलपमेंट) के क्षेत्र में कंपनी अपना आर्थिक सहायता देगी। यह सेंटर राज्य स्तरीय का पहला केन्द्र होगा जो छत्तीसगढ़ में विद्युत क्षेत्र के लिए इलेक्ट्रिकल टेस्टिंग, कौशल विकास, परीक्षण एवं अनुसंधान के लिए होगा। इस परियोजना से राज्य में एक स्थाई तकनीकी संरचना का निर्माण होगा, जिससे ना केवल सीएसपीटीसीएल अन्यथा कई संबध्द उद्योग एवं सुक्ष्म-लघु उद्योग और शैक्षणिक संस्थाओं को भी लाभ मिलेगा तथा छत्तीसगढ़ के युवाओं को रोजगार का अवसर भी मिलेगा।

# कैट की राष्ट्रीय टीम ने मधु अरोरा को किया सम्मानित




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स की महिला विंग प्रदेश अध्यक्ष मधु अरोराको कैट की राष्ट्रीय टीम ने सम्मानित किया। यह सम्मान उन्हें नेशनल को आर्डिनेटर के रूप में दिया गया। महिला विंग के प्रदेश अध्यक्ष मधु अरोरा ने बताया कि 17 एवं 18 अप्रैल को नई दिल्ली स्थित हिंदी भवन में राष्ट्रीय महिला विंग का दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित हुआ। यह कार्यक्रम कैट ने राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भारतिया एवं कैट के राष्ट्रीय महासचिव एवं चांदनी चौक नई दिल्ली के सांसद प्रवीण खंडेलवाल जी के मार्गदर्शन में रखा गया। इस कार्यक्रम में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर भी महत्वपूर्ण विचार साझा किए। देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए वक्ताओं ने महिलाओं के उत्साह, सहभागिता एवं सशक्तिकरण पर अपने प्रेरणादायक विचार प्रस्तुत किए। मधु अरोरा ने कहा, कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी. भरतिया, महासचिव प्रवीण खंडेलवाल का हृदय से आभार व्यक्त करती हूं। इसके साथ ही, राष्ट्रीय महिला विंग की अध्यक्ष संगीता पाटिल और कैट परिवार के सभी सदस्यों के प्रति आभारी हूं।सौभाग्य की बात है कि हमारे छत्तीसगढ़ से मुझे और निहारिका त्रिपाठी बिलासपुर का नाम सम्मिलित किया गया। दोनों को राष्ट्रीय पदाधिकारी नियुक्त किया जाना गौरव की बात है।

# रायपुर में जल्द बिछेगी नेचुरल गैस पाइप लाइन, हरियाणा की कंपनी अधिकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- पाइप लाइन डालने से पहले निगम से एनओसी लेनी होगी, शुल्क जमा कराना होगा
- निगम आयुक्त ने एजेंसी के प्रतिनिधि की उपस्थिति में सभी जोन कमिश्नरों की बैठक ली

राजधानी रायपुर में नेचुरल गैस पाइप लाइन डालने का कार्य जल्द शुरू होगा। इसके लिए हरियाणा सिटी गैस कंपनी को पेट्रोलियम मंत्रालय ने अधिकृत किया है। वर्तमान में यह कार्ययोजना शहर में प्रारंभिक दौर में है। संबंधित एजेंसी को शहर में गैस पाइप लाइन डालने से पहले नियम अनुसार नगर निगम से एनओसी लेनी होगी, साथ ही निर्धारित दर अनुसार शुल्क भी जमा करना होगा, ताकि इस कार्य से नागरिकों को शहर में प्राकृतिक गैस लाइन की सुविधा केंद्र सरकार की मंशा के अनुरूप जल्द मिले। इस दौरान किसी भी नागरिक को कोई असुविधा न होने पाए। मंगलवार को निगम आयुक्त विश्वदीप ने इसी सिलसिले में गांधी सदन के सभागार में हरियाणा सिटी एजेंसी के प्रतिनिधि राकेश रंजन और दस जोन के जोन कमिश्नरों के साथ बैठक की।

निगम आयुक्त विश्वदीप ने हरियाणा सिटी गैस एजेंसी के प्रतिनिधि को निर्देशित किया है कि वह निगम के संबंधित जोनों के जल और नगर निवेश विभाग के जोन अधिकारियों से तालमेल रखकर शहर में गैस पाइप लाइन डालने का कार्य करे। उन्होंने ये भी कहा कि पेयजल पाइप लाइन किसी भी हालत में क्षतिग्रस्त नहीं होना चाहिए, साथ ही शहर में गैस पाइप लाइन बिछाने के दौरान खोदी गई सड़कों को तत्काल मरम्मत किया जाना चाहिए, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए। बैठक के दौरान नगर निगम आयुक्त ने सभी अभियंताओं को निर्देशित किया कि नेचुरल गैस पाइप लाइन डालने के कार्य दौरान शहर गर्मी के मौसम में नागरिकों असुविधा न हो यह ध्यान रखें।

बैठक में अपर आयुक्त पंकज शर्मा, दस जोन के जोन कमिश्नर, नगर निवेश विभाग के कार्यपालन अभियंता आशुतोष सिंह, सहायक अभियंता नितीश झा, उप अभियंता नगर निवेश रविप्रभात साहू, हरियाणा सिटी गैस एजेंसी के प्रतिनिधि राकेश रंजन एवं अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



# 'हिंदुत्वनिष्ठों' ने सीएम साय को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हिंदू जनजागृति समिति आयोजित 'प्रांतीय हिंदू राष्ट्र अधिवेशन' में दिए गए वचनों को पूर्ण करते हुए राज्य में धर्मान्तरण बंदी कानून लागू करना एवं राज्य नक्सलवाद मुक्त करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का हिंदू जनजागृति समिति एवं गोरक्षकों के संयुक्त शिष्टमंडल द्वारा सम्मान किया गया।

इस दौरान हिंदू जनजागृति समिति एवं गोरक्षक शिष्टमंडल द्वारा मुख्यमंत्री को कई मांगों लेकर ज्ञापन भी सौंपा गया। शिष्टमंडल ने मुख्यमंत्री का अभिनंदन करते हुए कहा कि दशकों से राज्य को खोखला करने वाले नक्सलवाद की समाप्ति का कार्य ऐतिहासिक है। साथ ही राज्य में लव जिहाद और धर्मांतरण जैसी राष्ट्रविरोधी प्रवृत्तियों पर अंकुश लगाने के लिए लागू किए गए कानून का हिंदू समाज स्वागत करता है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ भाजपा के उपाध्यक्ष प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने भी मुख्यमंत्री का सम्मान किया।

शिष्टमंडल में हिंदू जनजागृति समिति के महाराष्ट्र एवं छत्तीसगढ़ संगठक सुनील घनवट, मंदिर महासंघ के रायपुर संयोजक मदनमोहन उपाध्याय, हिंदू जनजागृति समिति के छत्तीसगढ़ समन्वयक हेमंत कानस्कर, आशीष परिडा, रोहित तिरंगा सहित अनेक हिंदुत्वनिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।



**अवमानना के केस में घिर गए थे अफसर**

# वन विभाग के दैनिक वेतन भोगी नियमित नौकरी के लिए सुप्रीम कोर्ट तक लड़े, आदेश के पालन में देर पर हुई खिंचाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में वन विभाग के दो दैनिक वेतन भोगियों ने नियमित नौकरी के लिए करीब 29 साल लंबी कानूनी लड़ाई लड़ी, वे श्रम न्यायालय से लेकर हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तक गए। सुप्रीम कोर्ट से उनके पक्ष में फैसला होने के बाद भी संबंधित अधिकारियों ने उसका पालन नहीं किया, तो अवमानना का मामला चला। आखिरकार विभाग को आदेश का पालन करना पड़ा। अब इन कर्मियों को नियमित करने की प्रक्रिया चल रही है।

यह मामला इसरार अहमद खान और मोहम्मद हनीफ का है, जो वन विभाग में दैनिक वेतन भोगी के रूप में क्रमशः 1990 और 1993 में काम पर लगे थे। बाद में इन्होंने नियमित करने की मांग रखी और श्रम न्यायालय में गए। वहां इन फैसला इनके पक्ष में आया, लेकिन इसके बाद वन विभाग अपील में हाईकोर्ट गया। वहां सिंगल बेंच-डबल बेंच का फैसला कर्मियों के खिलाफ आया, लेकिन कर्मियों की कानूनी लड़ाई नहीं रुकी। ये दोनों सुप्रीम कोर्ट गए। वहां से इनके पक्ष में फैसला आ गया और दोनों को तीन माह में नियमित करने का आदेश जारी हुआ। विभाग ने समय सीमा के भीतर इस फैसले का पालन नहीं किया, तो इन कर्मियों ने फिर सुप्रीम कोर्ट में अवमानना की याचिका लगाई। इस याचिका की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने संबंधित अधिकारियों लघु वनोपज संघ के एमडी अनिल साहू और विभाग की एसीएस को प्रतिवादी के रूप में प्रतिस्थापित किया।

इन अधिकारियों को कोर्ट का आदेश पालन करने के लिए जिम्मेदार माना। इस पूरे मामले में सुप्रीम अदालत के सख्त रुख के बाद अब विभाग अदालत के फैसले के अनुपालन के लिए तैयार हुआ है। यानी दोनों कर्मियों को नियमित करने पर सहमति दी है। विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने भी कहा है, अदालत के आदेश का पालन किया जा रहा है। इस मामले पर अपनी प्रतिक्रिया में पूर्व वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा- न्यायालय के आदेश पर कोई भी टिप्पणी करना उचित नहीं है, लेकिन अनिल साहू के विरुद्ध कंटेम्प्ट का कोई मामला न्यायालय में चला हो, तो इसमें कोई आश्चर्य नहीं है।

## 'पिता छांव वट-वृक्ष की' के तीसरे संस्करण का विमोचन आज

**रायपुर।** सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में 23 अप्रैल को कवि राजेश जैन 'राही' की प्रथम पुस्तक 'पिता छांव वट-वृक्ष की' के तीसरे संस्करण का विमोचन किया जाएगा। कार्यक्रम में शहर की विविध सामाजिक, सांस्कृतिक संस्थाओं एवं विभूतियों का सम्मान भी प्रस्तावित है। यह कार्यक्रम शाम 5 बजे प्रारंभ होगा। यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक ने देते हुए बताया कि प्रस्तुत संस्करण में पिता पर लिखे गए 401 दोहे हैं। पुस्तक प्रतिष्ठित श्वेतवर्णा प्रकाशन दिल्ली द्वारा प्रकाशित हुई है। पुस्तक का प्रथम संस्करण ही गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल है। कार्यक्रम में राजेश जैन राही द्वारा 'रामचरित में हिंदी काव्य के नवरस' पर संगीतमय एकल काव्य प्रस्तुति भी होगी।

**खबर संक्षेप**

### जमीन का सीमांकन कराने जनदर्शन में सौंपा आवेदन

**कोमाखान।** नगर के वार्ड 6 निवासी मानसिंह पिता लतेल चौहान ने कलेक्टर के जनदर्शन में एक आवेदन सौंपा है। जिसमें उन्होंने बताया कि उनके पिता के निधन के बाद उनकी लगानी जमीन उनके भाई-बहनों के नाम में है। मानसिंह ने बताया कि इस जमीन का सीमांकन हेतु न्यायालय तहसील कोमाखान में वर्ष 2024 में आदेवन देकर करवाया था। कुल 35 डिसमिल लगानी जमीन को पटवारी द्वारा आधी जमीन बताया गया है। आवेदन में उन्होंने शंका जाहिर की है कि पटवारी द्वारा आर्थिक लाभ लेकर दूसरे पक्ष के अधीन आधी जमीन त्रृटिपूर्ण सीमांकन से करने का आरोप भी लगाया है। उन्होंने कलेक्टर से गुहार लगाते हुए किसी अन्य पटवारी से उनकी जमीन का सीमांकन करवाने की मांग की है।

# जिपं की सामान्य सभा, अनुमति बिना 56 एकड़ भूमि उद्योग को देने के प्रस्ताव का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

जिला पंचायत रायपुर की सामान्य सभा की बैठक में मंगलवार को कई अहम एजेंडों एवं मुद्दों पर चर्चा हुई। इस बैठक में आरंग क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत रसनी की 56 एकड़ जमीन को बिना पंचायत की सहमति के उद्योग उपयोग के लिए आबंटित किए जाने के प्रस्ताव का विरोध किया गया।

वहीं अभनपुर ब्लॉक क्षेत्र में चना बीज वितरण में अनियमितता कर लाखों रुपए का घोटाला करने वाले दोषी अफसरों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज होगी। इसके लिए कृषि विभाग के जिला अधिकारी सतीष अवस्थी को जिला पंचायत सीईओ एवं जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने एफआईआर दर्ज करने के लिए शासन को जल्द से जल्द प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए हैं। सामान्य सभा की बैठक में सदस्य वतन चंद्राकर ने ग्राम पंचायत रसनी की 56 एकड़ शासकीय जमीन जो खेल मैदान, धान खरीदी केंद्र, चारागान, वृक्षारोपण, ग्रामवासियों के लिए आबादी जमीन का आरक्षण सहित अन्य के लिए आरक्षित रखी गई है, उस जमीन को बिना ग्राम पंचायत की सहमति के ही उद्योग कार्य के लिए आबंटन करने का फैसला जिला पंचायत ने ले लिया है। इसके लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को भेज दिया है। उन्होंने कहा कि इस जमीन को उद्योग कार्य के लिए आबंटन करना है या नहीं, इसके लिए ग्राम पंचायत से अभिमत मांगा गया था।

**चना बीज घोटाला के दोषी अफसरों पर होगा केस दर्ज**



### चना बीज घोटाला में अब दोषी अफसरों पर होगी एफआईआर

बैठक में अभनपुर क्षेत्र में हुए चना बीज वितरण घोटाला का मामला भी उठा। उपाध्यक्ष संदीप यदु ने यह मामला उठाते हुए नाराजगी जताई कि जब जांच में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी मिथिलेश साहू एवं विनय कुमार सिंह को भ्रष्टाचार का दोषी पाया गया है, तो उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज क्यों नहीं की जा रही है। इस पर कृषि विभाग के अधिकारी ने दोषी अधिकारियों का बचाव करने का प्रयास किया, लेकिन इस मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पंचायत के सीईओ और अध्यक्ष ने अधिकारी को निर्देशित किया कि वे जल्द ही शासन को इस मामले में एफआईआर दर्ज होना चाहिए का प्रस्ताव भेजें, ताकि स्वीकृति मिलने पर दोनों भ्रष्ट अधिकारियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई हो सके।

# प्रेमचंद को मिला जिला स्तरीय संस्कार शिक्षक सम्मान

**बसना।** विद्यालय में शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट सहभागिता एवं उल्लेखनीय योगदान के लिए शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अरेकेल के शिक्षक प्रेमचंद साव को संस्कार शिक्षण संस्थान पिथौरा द्वारा विज्ञान क्षेत्र एवं साहित्य क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए जिला स्तरीय संस्कार शिक्षक सम्मान 2026 से जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, नवाचारपूर्ण शिक्षण पद्धतियों तथा विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने के परिणामस्वरूप प्रदान किया गया है। शिक्षक प्रेमचंद साव ने विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम,विज्ञान प्रदर्शनी, स्वच्छता अभियान एवं अन्य सामाजिक गतिविधियों में विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन सुनिश्चित किया है। शिक्षक विज्ञान विषय को रुचिकर बनाने के लिए विभिन्न गतिविधियों, क्रियाक्लापों, प्रायोगिक कार्यों, विज्ञान के पिटारा, मासिक वॉल मैगजीन बाल दर्पण के नियमित प्रकाशन आदि कार्यों के लिए जाने जाते हैं। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, जिला मिशन समन्वयक रेखराज शर्मा, एपीसी संपा बोस, पिथौरा जनपद पंचायत अध्यक्ष उषा पुरूषोत्तम धृतलहरे, जिला क्रीड़ा अधिकारी, छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा के राज्य सचिव डॉ.वायके सोना, सक्रिय सदस्य अजय कुमार भोई, रोबोटिक्स के जानकार सचिन प्रधान, पिथौरा के विकासखण्ड स्त्रोत केंद्र समन्वयक नरेश पटेल आदि उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान न केवल संबंधित शिक्षक के लिए, बल्कि पूरे विद्यालय एवं क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। संस्कार शिक्षण संस्थान पिथौरा के संचालक सीमा चंद्राकर ने बताया कि ऐसे सम्मान शिक्षकों को और अधिक प्रेरित करते हैं, जिससे वे शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर नवाचार करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर सकें।



## जिले में जनगणना प्रकोष्ठ का गठन

**महासमुंद।** छग शासन गृह विभाग के निर्देशों के परिपालन में भारत की डिजिटल जनगणना 2027 का कार्य दो चरणों में संपादित किया जाएगा। इसके तहत प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 01 मई 2026 से 30 मई 2026 तक किया जाएगा। उक्त निर्देशानुसार प्रत्येक जिले में जनगणना प्रकोष्ठ का गठन किया जाना है। इसी क्रम में जिला महासमुंद में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में जनगणना कार्य के प्रभावी संचालन, निगरानी एवं संपादन के लिए जिला स्तरीय जनगणना प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। जनगणना प्रकोष्ठ के अध्यक्ष कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी विनय कुमार लंगेह होंगे। वहीं पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत रमेश नंदनवार, अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, डिप्टी कलेक्टर (जिला जनगणना अधिकारी) मनोज कुमार खांडे तथा उप संचालक सांख्यिकी (अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी) मधु साहू को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। इसी तरह समाज कल्याण विभाग, खाद्य विभाग, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा, कृषि, परिवहन, श्रम, आबकारी, उद्योग, जनसंपर्क विभाग, आदिम जाति विभाग के जिला स्तरीय अधिकारियों एवं जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को प्रकोष्ठ में सदस्य बनाया गया है।

# छग टीचर्स एसोसिएशन की प्रांतीय महासचिव शोभा सिंहदेव का किया गया सम्मान

**महामसुंद।** छग टीचर्स ऐसोसिएशन के प्रांतीय महासचिव व व्याख्याता शाउमावि बेलसोंडा शोभा सिंह देव को शिक्षकीय जीवन की सफल अधिवार्षिकी पूर्ण करने तथा शिक्षाकर्मी संघर्ष में नेतृत्व के लिए शाउमाशा खम्हरिया स्टाफ ने फल मोमेंटो और प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

संस्था के प्राचार्य और छग टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष नारायण चौधरी ने कहा कि आप लोगों ने अपना अमूल्य समय देकर हमारे संस्था की अभिनव कल्पना को मूर्त रूप प्रदान कर कार्यक्रम को अविस्मरणीय बना दिया। शिक्षाकर्मी संघ को महासमुंद में नीव रखने, एक कठोर संगठनात्मक नेतृत्व, एक अनुशासित प्रशासक तथा एक कुशल अंग्रेजी के अध्यापक, प्रथम जिलाध्यक्ष वर्तमान प्रांतीय महासचिव शोभा सिंहदेव के व्यक्तित्व को शब्दों में पिरों पाना संभव नही है। वे एक श्रेष्ठ कर्मयोगी हैं, उनका शिक्षकीय और संघीय जीवन चिर काल तक स्मरणीय रहेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शोभा सिंह देव ने कहा कि खम्हरिया स्टॉफ मेरे लिए मेरा परिवार जैसा है। आप लोगों ने मुझे आमंत्रित कर मेरा सम्मान किया यह पल में जीवन भर नहीं भूल पाऊंगी। एकजुट संघर्ष कर हम संविलियन तक जरूर पहुंचे, लेकिन 2028 तक अधिवार्षिकी पूर्ण कर सेवानिवृति हो रहे है। विशिष्ट अतिथि के आसंदी से बोलते हुए नंदकुमार साहू ने भी अपने विचार रखें। विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता रंजना ध्रुव ने शोभा दीदी के शिक्षकीय कार्यकाल की प्रशंसा की। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य नारायण चौधरी, रंजना ध्रुव, अंजू नामदेव, सृष्टि साहू, दीप्ति शर्मा, धनेश्वरी साहू, ममता राजकमल, मोनिका साहू, जीवनलाल सिन्हा, रानी गिरी गोस्वामी, वंदना वर्मा, रोहित ठाकुर, खेमलता पटेल,गीता दीवान, दामिनी देवांगन, राजेश साहू, श्रद्धा डागा, मोहित यादव, नरेश कमार, कमलेश कुमार आदि मौजूद रहे। संचालन दीप्ति शर्मा व्यख्याता एवं रोहित ठाकुर ने किया।






# हर घर जल योजना से देवलभांठा में पानी की समस्या का हुआ स्थायी समाधान

**महासमुंद।** जिले के विकासखंड सरायपाली से 12 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत देवलभांठा में हर घर जल योजना के सफल क्रियान्वयन से ग्रामीणां को जल संकट से मुक्ति मिली है। ग्रामीण जन बताते है कि इससे पहले पानी के लिए हैंडपंप और सीमित जल स्रोतों पर निर्भर रहते थे और आज हर घर में नल के माध्यम से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो रहा है। इस योजना के तहत ग्राम के कुल 301 घरों में नल कनेक्शन प्रदान किए गए, जिससे अब प्रत्येक परिवार को घर बैठे स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल मिल रहा है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के चलते ग्राम देवलभांठा को 10 दिसम्बर 2025 को हर घर जल प्रमाणित घोषित किया गया। पूर्व में गांव में 4 हैंडपंप और 1 पावर पंप की व्यवस्था थी, लेकिन बढ़ती आबादी और जल की बढ़ती आवश्यकता को देखते हुए यह पर्याप्त नहीं था। इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए हर घर जल योजना के अंतर्गत लगभग 79.68 लाख रुपए की लागत से एक सुदृढ़ पानी टंकी का निर्माण किया गया। साथ ही करीब 2960 मीटर लंबी पाइपलाइन बिछाकर पूरे गांव में जल आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। इस सफलता के पीछे ग्राम की सरपंच त्रिपुरा बिशी का विशेष योगदान रहा। उनके नेतृत्व में ग्रामीणों को जागरूक किया गया और योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया गया। साथ ही गांव में विलेज वाटर एंड सेनिटेशन कमिटी का गठन किया गया, जिससे जल का संचालन और संधारण किया जा रहा है। ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया तथा जल कर (यूजर चार्ज) देने के लिए प्रेरित किया गया, जिससे योजना की दीर्घकालिक स्थिरता बनी रहे। योजना से लाभान्वित हितग्राही सत्यभामा बताती हैं कि पहले उन्हें दूर-दराज से पानी लाना पड़ता था, जिससे समय और श्रम दोनों की हानि होती थी। अब घर में ही नल से पानी मिलने से उनका जीवन काफी आसान हो गया है और दैनिक दिनचर्या में सकारात्मक बदलाव आया है।

# जोगीडीपा स्कूल में हुआ संकुल स्तरीय विदाई एवं शिक्षक सम्मान समारोह

**महासमुंद।** संकुल केंद्र पटेवा के सेवानिवृत शिक्षकों का संकुल स्तरीय विदाई एवं शिक्षक सम्मान कार्यक्रम शासकीय प्राथमिक शाला जोगीडीपा में आयोजित किया गया। जिसमें संकुल के समस्त शिक्षक-शिक्षिका उपस्थित थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत हो रहे शिक्षकद्वय नंदकुमार निर्मलकर एवं बिहेंद्र कुमार साहू द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात संकुल के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा दोनों शिक्षकों का पुष्पहार, बुके और गुलाल से स्वागत किया गया।

नंद कुमार निर्मलकर के शैक्षिक जीवन पर प्रकाश डालते हुए समन्वयक राजू देवांगन द्वारा बताया गया कि निर्मलकर बहुत ही मिलनसार, हंसमुख और बच्चों के काफी प्रिय है, वह स्टाफ में भी अच्छा नेतृत्व करते थे। इसी प्रकार शिक्षक ओमप्रकाश साहू, मुरारी ध्रुव, मीरा सिंह एवं भगवती गायकवाड़ द्वारा भी उनके शैक्षणिक कुशलता और विनोदप्रियता को सराहा गया। शिक्षक मेमन कुमार चंद्राकर ने बिहेंद्र कुमार साहू के शैक्षिक सफर का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने साहू को बहुत ही शांत स्वभाव, समय के पाबंद और शिक्षा जगत के जानकार बताए। शिक्षक अरुण साहू ने उन्हें काफी अनुभवी और अपने कार्य के प्रति गंभीर व्यक्ति बताया। नंदकुमार निर्मलकर एवं बिहेंद्र साहू ने अपने शैक्षिक जीवन के खट्टे-मीठे अनुभव साझा किए। अपने शैक्षिक जीवन के उतार-चढ़ाव और अपने पारिवारिक जीवन के कुछ खास पलों को सभी के साथ साझा किया। इसी तारतम्य में संकुल के उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों का भी सम्मान किया गया। पूर्व माध्यमिक शाला नवागांव के शिक्षक मेमन कुमार चंद्राकर को ज्ञानदीप पुरस्कार प्राप्ति तथा प्राथमिक शाला जोगीडीपा के शिक्षिका मीरा सिंह को राज्य स्तरीय एफएलएन वॉरियर पुरस्कार प्राप्ति पर पुष्पहार बुके एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। संकुल केंद्र पटेवा की ओर से नंदकुमार निर्मलकर एवं बिहेंद्र कुमार साहू को संकुल परिवार के तरफ से शाल, श्रीफल, मोमेंटो एवं उपहार देकर भावभीनी विदाई दी गई।

## सस्ती जेनेरिक दवाएं उपलब्ध कराने के लिए पशु औषधि विक्रय केंद्र होंगे स्थापित

**महासमुंद।** केंद्र सरकार द्वारा पशुपालकों को सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाएं उपलब्ध कराने के लिए सहकारिता मंत्रालय के औषधि विभाग (डीओपी) और भारत के औषधि एवं चिकित्सा उपकरण ब्यूरो के सहयोग से प्रदेश में पशु औषधि विक्रय केंद्र स्थापित किए जाएंगे। उपसंचालक पशु चिकित्सक सेवाएं डॉ. अंजना नायडू ने बताया कि पशु औषधि विक्रय केंद्र के संबंध में विस्तृत जानकारी एवं ऑनलाइन आवेदन के लिए ऑपरेशनल गाइडलाइन के लिए पशु औषधि कम्पोनेंट ऑफ लाइवस्टॉक हेल्थ एंड डिजीज कंट्रोल प्रोग्राम भारत शासन के विभागीय वेबसाइट http://dahd.gov.in के मुख्य मेनू में पशु औषधि अंतर्गत प्राप्त किया जा सकता है। इस योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र एवं सहकारी समितियां, पशु औषधि विक्रय केंद्र स्थापित करने के लिए पात्र होंगे। इच्छुक आवेदकों को केवल ऑनलाइन माध्यम से ही आवेदन करना होगा। भारत सरकार की विभागीय वेबसाइट पर प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से 4 बजे तक शैक्षणिक वीडियो भी उपलब्ध कराया जा रहा है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए कार्यालय उप संचालक, पशु चिकित्सा सेवाएं, महासमुंद से संपर्क कर सकते हैं।

# आवासीय खेल अकादमी रायपुर में प्रशिक्षण के लिए राज्य स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन 28 से

**महासमुंद।** रायपुर में संचालित विभागीय आवासीय खेल अकादमी तीरंदाजी (बालक/बालिका), फुटबॉल (बालिका) एवं वेटलिफ्टिंग (बालक/बालिका) चयन ट्रायल का आयोजन 28 एवं 29 अप्रैल 2026 को तथा हॉकी (बालक/बालिका) एवं एथलेटिक्स (बालक/बालिका) का चयन ट्रायल का आयोजन 30 अप्रैल से 01 मई 2026 तक समय प्रातः 07 बजे से खेल अकादमी संचालन नियम 2014 के अनुसार किया जा रहा है। इस चयन ट्रायल में राज्य के बालक/बालिका खिलाड़ी एवं अन्य राज्यों के 13-17 आयु वर्ग के खिलाड़ी सम्मिलित हो सकते है। जिसमें प्रथम दिवस खिलाड़ियों का पंजीयन, दस्तावेज परीक्षण, चिकित्सकीय परीक्षण एवं शारीरिक दक्षता परीक्षण स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा रायपुर में तथा द्वितीय दिवस खेल कौशल परीक्षण तीरंदाजी खेल चयन ट्रायल हेतु तीरंदाजी एरिना बालिका खेल छात्रावास के सामने मैदान रायपुर में, हॉकी खेल चयन ट्रायल हेतु सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम पिच-02 बालक खेल छात्रावास के सामने रायपुर में तथा फुटबॉल, एथलेटिक्स एवं वेटलिफ्टिंग खेल के लिए स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा, रायपुर में किया जाएगा। चयन ट्रायल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर चयन समिति द्वारा खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। खेल अकादमी संचालन नियम 2014 अंतर्गत अंतिम रूप से चयनित खिलाड़ियों को निःशुल्क आवास, भोजन, शैक्षणिक व्यय, खेल परिधान, प्लेईंग किट, दुर्घटना बीमा आदि सुविधाएं शासन द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। आवासीय खेल अकादमी के लिए चयन ट्रायल का आयोजन निर्धारित तिथि और स्थल पर किया जाएगा। ट्रायल में सम्मिलित होने हेतु खिलाड़ी खेल एवं युवा कल्याण के जिला कार्यालय से संपर्क कर सकते है।






## खबर संक्षेप

### मरारकसहीबाहरा में अष्टकुंड बगलामुखी यज्ञ अनुष्ठान आज से

**महासमुंद।** ग्राम मरारकसही बाहरा (बागबाहरा) में 23 एवं 24 अप्रैल 2026 को अष्टकुंड बगलामुखी यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक अनुष्ठान सिद्ध मातंगी पीठ मंदिर समिति के तत्वावधान में होगा। कार्यक्रम में सतगुरुदेव डॉ. आनंद गुरुजी के सान्निध्य में यज्ञ, पूजा-अर्चना एवं विशेष धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। आयोजकों के अनुसार यह यज्ञ क्षेत्र की सुख-समृद्धि,शांति एवं जनकल्याण की भावना से किया जा रहा है, जिसमें दूर-दूर से श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। यज्ञ स्थल पर श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई है।

### 1.20 लाख से अधिक हितग्राहियों का ई-केवाईसी पूर्ण

**महासमुंद।** राज्य शासन द्वारा महतारी वंदन योजना में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए ई-केवाईसी को अनिवार्य किया गया है। महतारी वंदन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने जिले में 367 सीएससी सेंटरों को आईडी जारी किया गया है। विभिन्न चॉइस सेंटरों के माध्यम से ई-केवाईसी का कार्य जारी है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास टिक्वेंद्र जटवार ने बताया कि जिले में 3 लाख 3 हजार 808 हितग्राहियों का ई-केवाईसी किया जाना है। जिसमें अब तक एक लाख 20 हजार 827 हितग्राहियों का ई-केवाईसी पूर्ण कर लिया गया है।

## निधन

### गीता चंद्राकर



**महासमुंद।** शहर के कुर्मी पारा निवासी श्रीमती गीता चंद्राकर (61) का 22 अप्रैल को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय भलेसर रोड मुक्तिधाम में किया गया। वे जीवन चंद्राकर की पत्नी, दौलत चंद्राकर व हरीश चंद्राकर की मां, केंद्रीय विद्यालय शिक्षक जितेंद्र चंद्राकर एवं टेमन चंद्राकर की दीदी थीं।

# संत सुफल भगत जयंती पर उमड़ा जनसैलाब, कंडरा समाज ने बांस संस्कृति की अनूठी छटा का किया प्रदर्शन, पारंपरिक वेशभूषा में बच्चों ने दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

कंडरा आदिवासी कोसरिया समाज राजिम राज के तत्वावधान में 19 अप्रैल रविवार को आरंग के शीतला पारा में समाज के आराध्य संत सुफल भगत की जयंती अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और भव्यता के साथ मनाई गई। इस अवसर पर क्षेत्रभर से समाज के हजारों महिला-पुरुष, युवा एवं वरिष्ठजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। पूरे कार्यक्रम स्थल में भक्ति, उल्लास और सांस्कृतिक गौरव का अद्भुत संगम देखने को मिला, जिससे माहौल पूरी तरह उत्सवमय बन गया।

समाज के मीडिया प्रभारी एवं पूर्व सचिव जगदेव कंडरा तथा लोचन उदलराम कंडरा (खैरा) ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ संत सुफल भगत की विधिवत पूजा-अर्चना, दीप प्रज्ज्वलन एवं जयघोष के साथ किया गया।

इसके बाद पूरे दिन विभिन्न सांस्कृतिक, सामाजिक एवं पारंपरिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, जिसने उपस्थित जनसमूह को अंत तक बांधे रखा। जयंती पर समाज की बेटियों ने पारंपरिक आदिवासी वेशभूषा में एकल, युगल एवं सामूहिक नृत्य की शानदार प्रस्तुतियां दीं।

ढोल-नगाड़ों और पारंपरिक गीतों की गूंज से पूरा वातावरण गूंजायमान हो उठा। नन्हीं बालिकाओं से लेकर युवतियों तक ने आत्मविश्वास और गरिमा के साथ अपनी प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया।

कार्यक्रम का सफल मंच संचालन पवन कंडरा (शिक्षक) द्वारा किया गया। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष विजय कंडरा, उपाध्यक्ष टीकम कटारिया, लोचन कंडरा, सचिव सत्यप्रकाश कंडरा, कोषाध्यक्ष भीम कंडरा, मीडिया प्रभारी लोचन उदलराम कंडरा, शिवकुमार कंडरा, सत्येंद्र कंडरा, हरिशंकर कंडरा सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डॉ. वीरेंद्र कंडरा (सीएमओ राजिम), कैलाश कंडरा, पुरुषोत्तम कंडरा, अशोक कंडरा, सोनसाय कंडरा, पुरुषोत्तम (भोकू) कंडरा, रामानंद, चुम्मन कंडरा, गुलाब, जयंत, प्रहलाद, अन्नपूर्णा, प्रमिला कंडरा, माधुरी कंडरा, दुर्योधन कंडरा, रविकुमार कंडरा, बंगोली, त्रिलोचन बांसकर, बसंत, गुमान कंडरा, दिनू कंडरा, बुधारु कंडरा, बिंदु कंडरा (सिर्री), भुनेश्वर कंडरा, कृष्णकुमार कंडरा, मोहन कंडरा, दयाराम कंडरा, पूषण कंडरा, रमेश कंडरा, पुरुषोत्तम कंडरा, गंगाराम कंडरा (मठपुरैना), रवि कंडरा, गोलू कंडरा, करूं कंडरा (रायपुर), अश्वंत कंडरा, बनवाली कंडरा, श्रवण कंडरा (खैरागढ़), बसंत कंडरा (डोंगरगढ़), नागेश कंडरा, पंकज सोरी, शशिकांत छेदैहा, संदीप झोंका, सुजल गरहट, कोमल छेदैहा, खिलेश चितवा, गोलू नेताम, जय छेदैहा, गजेंद्र पोडेटि, शेखर ध्रुव, पुष्कर कंडरा सहित सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित रहे।



### बांस से सजी भव्यता बनी आकर्षण का केंद्र

कार्यक्रम स्थल को बांस से निर्मित टोकरी, सूपा, पर्रा, डलिया, बर्तन आदि से भव्य रूप से सजाया गया था। यह सजावट न केवल आकर्षण का केंद्र बनी, बल्कि कंडरा समाज की पारंपरिक कला और आजीविका का जीवंत प्रदर्शन भी रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब का स्वागत कंडरा समाज राजिम राज के अध्यक्ष विजय कंडरा द्वारा बांस से निर्मित खुमरी एवं पीला साफा पहनाकर किया गया। तत्पश्चात शिवकुमार कंडरा, टीकम कंडरा सहित अन्य सदस्यों ने भी अतिथियों का पारंपरिक सम्मान किया।



### समाज की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया

अध्यक्ष विजय कंडरा ने अपने उद्बोधन में समाज की समस्याओं को रखते हुए बताया कि शासन द्वारा प्रति कार्ड 1500 नग बांस देने का प्रावधान है, परंतु लंबे समय से यह पूरी मात्रा नहीं मिल पा रही है। उन्होंने इसे समाज के साथ अन्याय बताते हुए मुख्य अतिथि को मांग पत्र सौंपा। मुख्य अतिथि गुरु खुशवंत साहेब ने समाज की मांगों को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से चर्चा कर समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि कंडरा समाज ने बांस संस्कृति को जिस प्रकार प्रस्तुत किया है, वह अत्यंत प्रेरणादायक है।

# बागबाहरा में 78 लाख के विकास कार्यों का किया गया भूमिपूजन

**नगर में सड़क और आरसीसी नाली के निर्माण से मोहल्लेवासियों को जल निकासी की समस्या से मिलेगी राहत**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बागबाहरा

नगर पालिका परिषद बागबाहरा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न वार्डों में 78 लाख लागत से बन रहे विकास कार्यों का भूमिपूजन नगर पालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल व पार्षद के हाथों हुआ। वार्ड क्रमांक 12 में लोमश मिश्रा घर के पास सामुदायिक भवन निर्माण 4.97 लाख, वार्ड 03 में जुगरू देवांगन घर से जयेश साहू के खेत तक सीसी रोड निर्माण 5.64 लाख, वार्ड 03 में आशा घर से कन्हैया पटेल घर तक आरसीसी नाली निर्माण 3.52 लाख, स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 अंतर्गत नगर पालिका परिषद बागबाहरा में प्रस्तावित सूखे एवं गीले कचरे के प्रबंधन के लिए संयत्रों की स्थापना तथा स्थापित संयत्रो के उन्नयन/विकास कार्य 64.06 लाख भूमिपूजन विधि-विधान के साथ व मंत्रों उच्चारण के साथ हुआ।



इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल ने कहा कि आज 78 लाख के लागत के विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। नगर में सड़क और आरसीसी नाली के निर्माण से मोहल्लेवासियों को जल निकासी की समस्या से राहत मिलेगी। साथ ही सड़क बनने से आवागमन सुगम और सुविधाजनक होगा।

नगर में विकास कार्य तेजी से कराए जा रहे हैं। नगर की बेहतरी और निवासियों की सहूलियत के लिए हर वार्ड में लगातार काम चल रहा है। पालिकाध्यक्ष बघेल ने कहा कि नगर का चहुंमुखी विकास उनकी पहली प्राथमिकता है। शहर में जहां भी नाली और सड़क की आवश्यकता है, यह कार्य प्राथमिकता से कराया जा रहा है। पालिकाध्यक्ष ने ठेकेदार से कहा कि निर्माण गुणवत्ता के साथ कराएं।

इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष देवेश साहू पार्षद, सविता दीवान, मंता यादव, रमेश ठाकुर, शैलेश साहू, मेनका साहू, कुलेश देवांगन, श्यामा चंद्राकर, प्रीति गुप्ता, पोखराज साहू, ताम्रध्वज बघेल, नगर पालिका अधिकारी गिरीश चंद्रा सहित नगर पालिका के कर्मचारी व वार्डवासी उपस्थित रहे।

# कॉलेज में विश्व पृथ्वी दिवस पर हुई पोस्टर प्रतियागिता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

■ छात्रों ने प्रकृति के संरक्षण और बचाव संबंधित बनाया गया पोस्टर

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो. करुणा दुबे के मार्गदर्शन में भूगोल विभाग द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस उपलक्ष्य में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रकृति के संरक्षण और बचाव संबंधित पोस्टर बनाया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में योगेश यदु स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित और माल्यार्पण कर किया गया। बाद भूगोल विभागाध्यक्ष दिलीप बढ़ाई द्वारा स्वागत उद्बोधन किया गया। जिसमें उन्होंने प्रकृति के संरक्षण पर ज़ोर दिया और साथ ही जलवायु में हो रहे निरंतर परिवर्तन पर अपने विचार व्यक्त किए। विज्ञान संकायाध्यक्ष डॉ ईपी चेलक ने बताया कि निरंतर हो रहे पेड़ों की कटाई से आज तापमान में निरंतर वृद्धि होती जा रही है। जिसके लिए हम सभी को जागरूक होना होगा। वाणिज्य संकायाध्यक्ष प्रो अजय कुमार राजा ने प्रकृति में हो रहे बदलाव को समझाया। योगेश यदु ने प्लास्टिक के कम से कम उपयोग को बताया। साथ ही छात्र-छात्राओं के पोस्टर पर चर्चा किए। महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा इस संदर्भ में शपथ कराया गया और प्रकृति को सुरक्षित रखने के लिए हम सभी जिम्मेदारीपूर्ण कार्य करें। साथ ही पेड़ों को लगाने और उसकी देखभाल करने की सलाह दी गई। आज की विश्व पृथ्वी दिवस की थीम हमारी शक्ति हमारा ग्रह विषय में चर्चा परिचर्चा हुई। मंच संचालन प्रदीप कन्हेर ने किया। कार्यक्रम में डॉ. मालती तिवारी, राजेश्वरी सोनी, डॉ. अजय देवांगन, सरस्वती सेठ आदि मौजूद रहे।

# नपाध्यक्ष ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद



नगर पालिका क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। इसी क्रम में वार्ड संख्या 07 में रंगमंच निर्माण, वार्ड 04 में बड़ी नाली निर्माण एवं वार्ड 18 व 20 में आंगनबाड़ी मरम्मत कार्य का निरीक्षण नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने किया।

वार्ड क्रमांक 04 क्षेत्र में बनाई जा रही सीसी नाली में तीन वार्डों के घरों से निकलकर गंदा पानी बहता है। यह नाली अत्यंत छोटी होने के कारण गंदा पानी सड़क पर फैल जाता था। जिससे इस मार्ग पर चलने वालों को काफी परेशानी होती थी। नपाध्यक्ष ने नागरिकों की इस परेशानी को समझते हुए बड़ी नाली निर्माण का प्रस्ताव रखा था। यह नाली न केवल गंदे पानी का समुचित बहाव सुगम बनाएगी, बल्कि एक स्वच्छ वातावरण निर्माण में अहम भूमिका निभाएगी। इसी तरह वार्ड 07 में लोगों के लिए एक बेहतर रंगमंच निर्माण कर स्थानीय स्तर पर आयोजन, कार्यक्रम के लिए सुविधाजनक स्थान बनाया जा रहा है। साथ ही वार्ड 18 व 20 में आंगनबाड़ी मरम्मत कार्य कराए जा रहे हैं। सभी कार्यों को गुणवत्ता पूर्ण तथा पारदर्शी तरीके से करने का निर्देश पालिका अध्यक्ष साहू ने ठेकेदार को दिए।

अध्यक्ष साहू ने कहा कि नगरवासियों के प्रेम, विश्वास और आशीर्वाद से उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उस पर वे पूरी ईमानदारी से खरा उतरने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नगर को स्वच्छ, सुव्यवस्थित और विकसित बनाना उनकी प्राथमिकता है। अध्यक्ष ने यह भी स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही, घटिया सामग्री या अनियमितता को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आने वाले समय में पालिका क्षेत्र के सभी वार्डों में जरूरत के अनुसार सड़क, नाली और अन्य मूलभूत सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा।

# बरेकेल में मनाया गया अक्ती तिहार, बच्चों ने कराया पुतरा-पुतरी का विवाह

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

■ ग्राम बरेकेल में अक्ती पर्व धूमधाम से मनाया, बच्चों व बड़ों में दिखा उत्साह

जिले के पटेवा क्षेत्र के ग्राम बरेकेल में अक्ती पर्व धूमधाम के साथ मनाई गई। ग्रामीणों ने जहां माता गुड़ी में अक्ती को पारंपरिक रूप से मनाते हुए गांव की खुशहाली की कामना किए। वहीं बच्चों ने मंडप सजाकर पुतरा-पुतरी का विवाह पूरे रीति-रिवाज के साथ कर सामाजिक -सांस्कृतिक कार्य को प्रदर्शित किए। वास्तविक विवाह की भांति इसमें भी दो मोहल्ले के बच्चे घराती और बाराती बनकर पूरे चुलमाटी, हल्दी-मायन, बारात की परंपरा निभाई। शीतला पारा के बच्चे बारात लेकर मंदिर पारा पुतरी ब्याहने गए। माता-पिता बने बच्चे समधी भेंट हुए और बाराती भोजन भी प्राप्त किए। टिकावन के बाद वापस आकर धर्मटीका भी किया गया। बच्चों के साथ गांव की महिलाएं काफी संख्या में विवाह में शामिल होकर टिकावन दिया। इस पर्व को मनाकर बच्चे काफी उत्साहित थे और विभिन्न रस्मों को करने के लिए बड़े-बुजुर्ग भी उत्साह बढ़ाने के साथ मार्गदर्शन करते रहे। अक्ती पर्व के आयोजन में मनीषा, संगीता, तामनी, सुहानी, हेमा, निधि, गीता, रेशमी, खुशबू, प्रिंसी, जान्हवी, अवनी, नम्रता, मीनाक्षी, पूजा, सान्या, शिवांशी सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

# किसानों को खाद से वंचित करने पीओएस मशीन की अनिवार्यता का षड्यंत्रः आलोक

## महासमुंद जिले में 1 लाख एमटी खाद की पड़ती है आवश्यकता, भंडारण मात्र 32 हजार एमटी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद



छत्तीसगढ़ जीव जंतु कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष व कांग्रेस के प्रदेश संयुक्त महामंत्री आलोक चंद्राकर ने उर्वरक (खाद) वितरण के लिए फार्मर आईडी की अनिवार्यता तथा पीओएस (पॉइंट ऑफ सेल) मशीन की बाध्यता को किसान विरोधी षड्यंत्र करार दिया है। चंद्राकर ने इसे अव्यवहारिक और समस्याग्रस्त बताते हुए कहा कि इस नियम से खाद वितरण के जमीनी स्तर पर कार्यान्वयन में कई चुनौतियां सामने आएगी। छत्तीसगढ़ के दूरस्थ और ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क कनेक्टिविटी खराब है, जिसके कारण पीओएस मशीन से आधार प्रमाणीकरण में दिक्कतें आएगी। कई बार सर्वर डाउन रहने के कारण खाद मिलने में देरी होगी। और किसानों को सहकारी समितियों के चक्कर लगाने पड़ेंगे। उम्रदराज किसानों के अंगूठे के निशान (फिंगरप्रिंट) मशीन द्वारा न पहचाने जाने के कारण उन्हें खाद वितरण में परेशानी होगी। किसानों का आधार सही ढंग से लिंक न होने पर भी उन्हें खाद नहीं मिल पाएगा। पीओएस मशीन में एंट्री के दौरान गलत जानकारी दर्ज होने से भी किसानों को खाद से वंचित होना पड़ेगा। इन समस्याओं के कारण किसानों को मजबूरन अधिक दर पर खाद खरीदने की विवशता होगी। चंद्राकर ने कहा कि जिले के 1 लाख 65 हजार किसानों सहित प्रदेश के विभिन्न सरकारी समितियों में कुल 40 लाख 89 हजार 908 किसान पंजीकृत हैं। फार्मर आईडी बनाने के लिए एग्री स्टेक परियोजना में अब तक मात्र 31 लाख 68 हजार 555 किसानों का सत्यापन हुआ है। इस प्रकार से लगभग 21 प्रतिशत किसान पंजीयन से वंचित हैं। सरकार छत्तीसगढ़ के इन 9 लाख 21 हजार 353 किसानों को खाद नहीं देना चाहती है। इस अनिवार्यता से रेगहा, अधिया पर जमीन लेकर खेती करने वाले किसान खाद से वंचित हो जाएंगे। चंद्राकर ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियां भेदभावपूर्ण है। औद्योगिक डायवर्जन और कालाबाजारी रोकने के बहाने किसानों की जमीन के हिसाब से खाद का कोटा तय किया जा रहा है। सरकार के अनुसार आगामी खरीफ सीजन में पूरे प्रदेश के लिए 15 लाख 55 हजार मीट्रिक टन खाद की आवश्यकता अनुमानित है, पर इस सरकार की तैयारी आधी भी नहीं है।

# महतारी वंदन योजना में केवाईसी के नाम पर वसूली भाजपा सरकार पर गंभीर सवाल



**बसना।** महतारी वंदन योजना, जिसे महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए शुरू किया गया, अब कई जगहों पर वसूली का जरिया बनती नजर आ रही है। गांव-गांव में केवाईसी के नाम पर महिलाओं से 50-50 रुपए तक वसूले जा रहे हैं, जबकि शासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि यह प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क है। जिला पंचायत सदस्य मोक्ष कुमार प्रधान ने कहा कि यह सीधे-सीधे गरीब और जरूरतमंद महिलाओं के साथ अन्याय है। जब सीएससी ऑपरेटरों को सरकार की ओर से पहले ही कमीशन दिया जा रहा है, तो फिर हितग्राहियों से पैसे लेना किस नियम के तहत हो रहा है? उन्होंने भाजपा सरकार को घेरते हुए कहा कि एक तरफ सरकार बड़े-बड़े दावे करती है कि महिलाओं को सम्मान और सुविधाएं दी जा रही हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट है। केवाईसी के नाम पर हो रही वसूली यह दिखाती है कि योजनाओं का फायदा देने के बजाय गरीब महिलाओं को ही लूटा जा रहा है।

# भाजपा महिला मोर्चा का महासम्मेलनः नारी शक्ति सम्मान और अधिकारों के समर्थन में बुलंद की आवाज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

गत दिवस रायपुर में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा आयोजित जन आक्रोश रैली महासम्मेलन में महिलाओं की व्यापक और उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। इस महासम्मेलन में सहभागिता का अवसर प्राप्त होना अत्यंत गौरवपूर्ण रहा। यह आयोजन विशेष रूप से नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लोकसभा में पारित न होने देने के विरोध में आयोजित किया गया, जिसने एक सशक्त जन-आवाज़ का रूप धारण कर लिया। कार्यक्रम में महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष विभा अवस्थी के नेतृत्व में प्रदेशभर से आई महिलाओं ने नारी सम्मान, अधिकार और सशक्तिकरण के मुद्दों पर अपनी एकजुटता का परिचय दिया।

वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि नारी शक्ति केवल समाज की आधारशिला ही नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की प्रमुख धुरी है। ऐसे में महिलाओं के अधिकारों की अनदेखी किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। महासम्मेलन के दौरान महिलाओं ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में अपनी आवाज बुलंद करते हुए यह स्पष्ट किया कि वे अपने अधिकारों और सम्मान के लिए निरंतर संघर्षरत रहेंगी। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने एक स्वर में यह संदेश दिया कि समाज में महिलाओं की भागीदारी, सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस महासम्मेलन में सरायपाली विधानसभा क्षेत्र से पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की विशेष सहभागिता रही। इसमें महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष पुष्पलता चौहान, महिला मोर्चा जिला महामंत्री तारेश्वरी नायक, भाजपा जिला मंत्री सीता सतपथी, जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा शशिकला पटेल, महिला मोर्चा जिला मंत्री वर्षा साहू, महिला मोर्चा मंडल महामंत्री पदमा पटेल, जनपद सदस्य दीनता कुम्हार, अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रमोद सागर, मंडल महामंत्री सुरोती लकड़ा, मंडल महामंत्री धनीराम पटेल, अजा मोर्चा जिला मंत्री सुरेश कुम्हार तथा अन्य कार्यकर्ताओं की सक्रिय एवं सराहनीय सहभागिता रही।



